वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 327 | सोमवार 27 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# सरकार और डॉक्टर्स के बीच वार्ता विफल

## डॉक्टरों ने दो टूक कहा- हमें राइट टू हेल्थ बिल मंजूर नहीं; केवल सीएम से ही करेंगे बातचीत

**जयपुर. कासं**

राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में हड़ताल पर चल रहे डॉक्टर्स के साथ सरकार की वार्ता विफल हो गई। रविवार को दोपहर 3 बजे सचिवालय में मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव टी रविकांत और जयपुर कलेक्टर की मौजूदगी में डॉक्टर्स से बातचीत हुई। बैठक में डॉक्टर्स ने दो टूक कहा- हमें राइट टू हेल्थ बिल मंजूर नहीं है। बिल वापस लीजिए। ये बोलकर डॉक्टर्स सचिवालय से वापस चले आए हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी (पीएचएनएस) के सचिव विजय कपूर ने बताया- हम सचिवालय में वार्ता करने गए थे। हमने अफसरों को कहा- यह बिल असंवैधानिक है। हम लोग मुख्यमंत्री के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे क्योंकि मुख्यमंत्री ही इस बिल को वापस ले सकते हैं। हमने निवेदन नहीं किया हमने शक्ति से बोला है कि इस बिल को वापस ले लीजिए। उन्होंने कहा- सोमवार जयपुर में ऐसा आंदोलन किया जाएगा जो न पहले कभी हुआ न फिर कभी होगा। इससे पहले सुबह एसएमएस हॉस्पिटल के जीबीएम (जनरल बॉडी मीटिंग) में डॉक्टर्स की मीटिंग हुई। इसके बाद जयपुर में डॉक्टर्स ने जवाहर सर्किल तक कार रैली निकाली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह 10 बजे दिल्ली चले गए। इसलिए वो मीटिंग में शामिल नहीं हो सके। शनिवार को डॉक्टर हड़ताल को लेकर गहलोत शनिवार को दिल्ली दौरा बीच में छोड़कर शाम को जयपुर पहुंचे थे। जयपुर पहुंचते ही सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। सीएम ने मुख्य सचिव को डॉक्टरों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद देर रात मुख्य सचिव ने हेल्थ डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अफसरों से चर्चा की। रात को डॉक्टर वार्ता को तैयार नहीं थे। डॉक्टर्स मीटिंग में नहीं पहुंचे। डॉक्टर्स ने बात करने से मना कर दिया था। डॉक्टर्स का कहना था- दिन में ही करे, रात में नहीं।



### अजमेर में डॉक्टर्स ने चाय बेचकर जताया विरोध

अजमेर में प्रदर्शन के दौरान डॉक्टर्स ने सुंदरकांड का पाठ किया। साथ ही थड़ी लगाकर चाय बेची। इस दौरान प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया- रविवार को डॉक्टर्स की हड़ताल का 9वां दिन है। राज्य सरकार की ओर से आंदोलन को खत्म करने के प्रयास में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। इसके कारण मरीजों को भी परेशान होना पड़ रहा है।



# ठिकाना मंदिरश्री रामचंद्रजी में साकार हुआ सीता स्वयंवर

**जयपुर. कासं।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मन्दिरश्री रामचंद्रजी में चल रहे 9 दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव में रविवार को सीता स्वयंवर प्रसंग साकार किया गया। श्रीराम लीला के दौरान पुष्प वाटिका, जनक दरबार, धनुष भंग प्रसंगों को साकार किया गया। प्रसंग यह रहा कि राम और लखन गुरु विश्वामित्र जी के साथ जनकपुर में धनुष देखने जाते है। जैसे ही वो जनकपुर पहुंचते है, वहां के नर–नारी उनकी सुंदरता देख कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। सब लोगों में यह बात फैल जाती है कि यह दोनों राजकुमार कौन हैं। गुरु से आज्ञा लेकर रामजी पुष्प वाटिका में फूल तोड़ने जाते है, जहां माली उनको कहता है कि यहां जनक नंदनी की जय बोलो उसके बाद ही फूल तोड़ने की अनुमति मिलेगी। इस बीच सीताजी गौरी पूजन को जाती है, तब रामजी को देख कर गौरी माता से अपने पसंद का वर मिलने का आशीर्वाद मांगती है। इसके बाद धनुष यज्ञ का कार्यक्रम हुआ, इसमे बड़े बड़े राजा शामिल हुए। गुरु की आज्ञा के बाद श्रीराम ने धनुष भंग कर दिया। पुष्प वर्षा के बाद सीताजी ने उनके गले में जय माला पहनाई।




# फिर दिल्ली पहुंचे सीएम गहलोत

## आंदोलन की रणनीति पर कांग्रेस नेताओं के साथ मंथन

**जयपुर. कासं।** शनिवार शाम अचानक दिल्ली से जयपुर लौटे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अब एक बार फिर आज सुबह दिल्ली पहुंचे हैं। जहां मुख्यमंत्री गहलोत पार्टी की ओर से दिल्ली में गांधी दर्शन के बाहर शुरू किए गए सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह 10 बजे जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुए और सुबह 11.15 बजे दिल्ली पहुंचे जहां मुख्यमंत्री सीधे गांधी दर्शन पहुंचें और वहां पर पार्टी के कार्यक्रम में शिरकत की। पार्टी हाईकमान की ओर से आज देश भर में सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया है। दिल्ली में गांधी दर्शन के बाहर हुए आज सत्याग्रह आंदोलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी समेत तमाम नेता मौजूद हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ आंदोलन की आगामी रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त की जाने मामले को लेकर किस प्रकार से कानूनी लड़ाई लड़नी है उस पर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को राजभवन पर हो रहे घेराव के दौरान ही प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ दिल्ली पहुंचे थे और पार्टी हाईकमान की ओर से बुलाई गई बैठक में शामिल हुए थे।

# संक्षिप्त जीवन परिचय : डा .हुकम चन्द भारिल्ल



शाबाश इंडिया

डॉ हुकुमचंद जी भारिल का नाम आज जैन समाज के उच्च कोटि के विद्वानों में अग्रणी है जेस्ट कृष्णा अष्टमी विक्रम संवत 1993 तदनुसार शनिवार दिनांक 25 मई 1935 को उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बरोदास्वामी ग्राम के एक धार्मिक जैन परिवार में आपका जन्म हुआ। डॉ.भारिल शास्त्री, न्यायतीर्थ, साहित्य रत्न तथा एम.ए. एवं पीएचडी है, मंगलायतन विश्वविद्यालय द्वारा आप को डी लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। समाज द्वारा समय-समय पर आपको विद्या वारिधि महामहोपाध्याय विद्यावाचस्पति परमागम विशारद, तत्ववेत्ता, जैनरत्न, अध्यात्म शिरोमणि, वाणी विभूषण आदि अनेक उपाधियों से विभूषित किया गया है। सरल सुबोध तर्कसंगत एवं आकर्षक शैली के प्रवचनकार डा.भारिल्ल आज सर्वाधिक लोकप्रिय आध्यात्मिक प्रवक्ता रहे हैं, उन्हें सुनने देश-विदेश में हजारों श्रोता निरंतर उत्सुक रहते थे। आध्यात्मिक जगत में ऐसा कोई घर नहीं होगा जहां प्रतिदिन आप के प्रवचन न सुने जाते हो तथा आपका साहित्य उपलब्ध न हो धर्म प्रचारार्थ आप 36 वाट विदेश यात्राएं भी कर चुके हैं। जैन जगत में सर्वाधिक पढ़े जाने वाले डा. भारिल्ल ने अब तक छोटी-बड़ी 100 से अधिक पुस्तकें लिखीं हैं और अनेक ग्रंथों का संपादन किया है, अनेक विधान पूजन की रचना की है आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि अब तक आठ भाषाओं में प्रकाशित आपकी 45 लाख से अधिक पुस्तकें जन-जन तक पहुंच चुकी हैं। ग्रंथाधिराज समयसार पर आपके नियमित प्रवचन प्रातः 6:30 से 7:00 बजे तक अरिहंत चैनल पर प्रसारित हो रहे हैं आपके प्रवचन प्रतिदिन समयसार पर प्रातः 9:00 से 10:00 एवं प्रवचनसार पर दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक टोडरमल स्मारक के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किए जाते हैं सर्वाधिक बिक्री वाले जैन आध्यात्मिक मासिक वीतराग विज्ञान वीतराग विज्ञान हिंदी मराठी तथा कन्नड़ के आप संपादक थे। श्री टोडरमल स्मारक भवन की छत के नीचे चलने वाली विभिन्न संस्थाओं की समस्त गतिविधियों के संचालन में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान में आप अखिल भारतीय दिगंबर जैन विद्वत परिषद के अध्यक्ष, पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर के महामंत्री थे, आप मंगलायतन विश्वविद्यालय में सर्वोच्च समिति (कोर्ट) के सदस्य एवं दर्शन विज्ञान संकाय के आनररी डीन थे आरशा के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में आप वरिष्ठ सदस्य थे। समाज की शीर्षस्थ संस्थाओं यथा दिगंबर जैन महासमिति अखिल भारतीय जैन परिषद, अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ आदि से भी आप किसी न किसी रूप में जुड़े रहे हैं , आप राजस्थान जैन सभा के भी विशेष आमंत्रित सदस्य रहे हैं। डॉ हुकुमचंद भारी द्वारा लिखित हाल ही प्रकाशित सप्त शतक नामक पुस्तक बहुत लोकप्रिय हो रही है इसी कारण इस पुस्तक का संगीतमय ऑडियो व वीडियो एल्बम भी जारी किया जा चुका है डॉक्टर भारिल के सभी प्रवचन यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध है। आप द्वारा नई सोच के साथ भरत बाहुबली के जीवन पर आधारित लिखा नाटक ''भरत का अंतरद्वंद'' भी बहुत लोकप्रिय हो रहा है , देश विदेश के कई शहरों में इस नाटक का मंचन भी हो हो चुका है। डा. भारिल्ल के निर्देशन में अनेक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुए हैं। अभी हाल ही में इंदौर शहर में विश्व की अनूठी रचना ढाई दीप की स्थापना भी आपके निर्देशन में ही हुई है।



**हीरा चन्द बैद**
एस-21, सरदार भवन, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर।
मोबाइल नं. 9828164556

# विद्वत् शिरोमणि डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल नहीं रहे

**जैनदर्शन के उच्चकोटि के विद्वानों में अग्रणी विद्वान, जैनजगत के दैदीप्यमान सूर्य, अपनी तार्किक विद्वत्ता से देश-विदेश में पहिचाने जाने वाले, समयसार शिखर पुरुष, कालजयी विद्वान, सैंकड़ों पुस्तकों के लेखक, हजारों विद्वानों के गुरु तत्त्ववेत्ता डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल का दिनांक 26 मार्च 2023 को निराकुल परिणाम सहित देह वियोग हो गया...**

शाबाश इंडिया

डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल का चला जाना संपूर्ण जैनसमाज के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं है। आध्यात्मिकसत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजीस्वामी की प्रभावना योग में जैनधर्म को घर तक पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान रहा, आप जैन दर्शन के सर्वाधिक लोकप्रिय आध्यात्मिक प्रवक्ता हैं, जिन्हें जैनदर्शन के उच्चकोटि के विद्वान भी आदर के साथ सुना करते थे। अनेक संत-साधु भी आप के प्रवचन का लाभ दिया करते थे। आचार्य विद्यानंदजी महाराज के आप प्रिय विद्वान थे, वे आपको समयसारी कहा करते थे। धर्म प्रचारार्थ आप 36 बार अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया आदि विदेश यात्रायें भी कर चुके हैं। आप के निर्देशन में श्री टोडरमल दिगंबर जैन सिद्धांत महाविद्यालय के अंतर्गत जैन दर्शन एवं संस्कृत के 1000 से अधिक विद्वान तैयार हुए जिसके लिए आपको राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोकजी गहलोत द्वारा संस्कृत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाल ही में ढाईद्वीप पंचकल्याणक इंदौर में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह चौहानजी द्वारा भी आपका सम्मान किया गया। जैनधर्म प्रमुखतीर्थ श्रवणबेल गोला में भट्टारक श्री चारुकीर्ति स्वामीजी द्वारा महा मस्तकाभिषेक के अवसर पर आपका विशेष नागरिक सम्मान किया गया। जैनसमाज की अग्रणी संस्था पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के आप महामंत्री थे। संस्था के माध्यम से अपने तत्वज्ञान के अनेक महायज्ञ किए। लाखों लोगों के जीवन के जीवन को तत्त्वज्ञान से संस्कारित किया। डॉ. भारिल्ल ने 89 वर्ष के जीवन काल में शास्त्री, न्यायतीर्थ, साहित्यरत्न, एम. ए. तथा पीएच.डी. की। मंगलायतन विश्वविद्यालय द्वारा आपको डीलिट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। समाज द्वारा समय-समय पर आपको विद्यावारिधि, महामहोपाध्याय, विद्यावाचस्पति परमागमविशारद, तत्त्ववेत्ता, जैनरत्न, अध्यात्मशिरोमणि, वाणी-विभूषण आदि अनेक उपाधियों से विभूषित किया गया है। वर्तमान में आप श्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के अध्यक्ष, पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर के महामन्त्री हैं। आप मंगलायतन विश्वविद्यालय में सर्वोच्च समिति (कोर्ट) के सदस्य एवं दर्शन विज्ञान संकाय के ऑनरेरी डीन हैं। अरशा के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में आप वरिष्ठ सदस्य हैं। समाज की शीर्षस्थ संस्थाओं यथा-दिगम्बर जैन महासमिति, अ.भा. जैन परिषद्, अ.भा. जैन पत्र सम्पादक संघ आदि से भी आप किसी न किसी रूप में जुड़े हैं। समाज में सर्वाधिक पढ़े जानेवाले आपने अभी तक छोटी-बड़ी शताधिक पुस्तकें लिख चुके थे। आपका सत साहित्य आठ भाषाओं में प्रकाशित हुआ, आपकी कृतियाँ 50 लाख से भी अधिक की संख्या में जन-जन तक पहुँच चुकी थी। आध्यात्मिक जगत में ऐसा कोई घर न होगा जहां आपका साहित्य उपलब्ध न हो।



# श्री अजितनाथ मंडल विधान का हुआ आयोजन

## श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दंग की नसियां में 16 दिवसीय शुक्लपक्ष में प्रतिदिन हो रहा है विशेष पूजन विधान आयोजित



**सीकर. शाबाश इंडिया।** शहर के बजाज रोड़ स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दंग की नसियां में चैत्र शुक्लपक्ष पंचमी पर रविवार को द्वितीय तीर्थंकर भगवान अजितनाथ के मोक्षकल्याणक पर श्री अजितनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया । हुकमचंद गंगवाल ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः विशेष कलशाभिषेक एवं शांतिधारा हुई , इसके पश्चात अजितनाथ विधान का आयोजन किया गया । प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि इस शुक्लपक्ष पर दिनांक 22 मार्च से 6 अप्रैल तक 16 दिनों तक प्रतिदिन अलग अलग विधान आयोजित किये जा रहे है जिसमे अब तक मल्लिनाथ मंडल विधान, पंच परमेष्ठी विधान, कुंथनाथ मंडल विधान, भक्तामर विधान, अजितनाथ मंडल विधान के साथ 27 मार्च से 31 मार्च तक सम्भवनाथ मंडल विधान, शांतिनाथ मंडल विधान, कल्याण मन्दिर विधान , ऋषि मण्डल विधान, नवग्रह मण्डल विधान होंगे । दिनांक 1 अप्रैल को भगवान सुमतिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर श्री सुमतिनाथ मंडल विधान होगा । 2 अप्रैल व 3 अप्रैल को रविव्रत मंडल विधान, कर्मदहन मण्डल विधान होगा। भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर श्री महावीर स्वामी मंडल विधान आयोजित होगा। इसके पश्चात 5 व 6 अप्रैल को चौसठ ऋद्धि मंडल विधान, महामृत्युंजय मंडल विधान आयोजित होगा ।

# वरुण पथ महिला मंडल, मानसरोवर ने मनाया सिंजारा गणगौर महोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महिला मंडल, वरुण पथ, मानसरोवर का सिंजारा गणगौर महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षा डा सुशीला टोंग्या व कोषाध्यक्ष वीणा जैन ने बताया कि रजवाड़ा थीम पर मनाए गए इस कार्यक्रम में लगभग 100 सदस्य उपस्थित थे। संयोजिका मिथलेश गोधा, शशी सेन जैन ने बताया कि सभी राजसी वेशभूषा में सोलह श्रृंगार सहित सज धज कर आई थी। मुख्य अतिथि चंद्रकांता पाटनी और दीप प्रज्वलन कर्ता अर्चना सोनी थी। राजस्थानी गानों पर नृत्य प्रतियोगिता में ममता जैन प्रथम, चंदना जैन द्वितीय तथा कविता जैन तृतीय रहे। श्वेता बाकलीवाल और नीतू पाटनी ने गणगौर पर्व की थीम पर मंडल की ओर से पुरस्कार देकर हाऊजी खिलाई मिरे सैंया सुपरस्टार तथा अन्य गेम्स खिलाए। लकी ड्रॉ भी निकाले गए। शाही गणगौर, ईसर की गणगौर, छैल छबीली गणगौर के पुरस्कार मंजू कासलीवाल, तिलका जैन तथा नेहा पाटनी को दिए गए। कार्यक्रम का शानदार संचालन शशी सेन जैन द्वारा किया गया।

# फिजियाथैरेपी सेन्टर का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री जैन श्वेताम्बर जैन तेरापंथ सी-स्कीम ने एक सार्थक पहल करते हुए पोलीमेडिक्योर मेडिकल डिवाइस कंपनी के साथ आरयूएचएम को फिजियाथैरेपी मशीने भेंट की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पदमश्री डीआर मेहता व राजस्थान स्वास्थ्य कल्याण विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ.सुधीर भंडारी ने फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया। श्री जैन श्वेताम्बर जैन तेरापंथ सी-स्कीम की संरक्षिका मुकुलिका बैद व अध्यक्ष नीरू पुगलिया ने बताया कि इस मौके पर डॉ.विनोद जोशी, डॉ.अजीत सिंह, पोलीमेडिक्योर मेडिकल के निदेशक जुगल किशोर बैद, विशाल बैद, सरिता डागा व विजय लक्ष्मी मौजूद रहे। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंडल की ओर से पांचवां फिजियोथैरेपी सेंटर है जहां पर लोग चोट लगने व घायल होने के बाद लोग निःशुल्क इलाज करवा सकेंगें। इस मौके पर मंडल की ओर से फिजियोथैरेपी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भेंट किए गए।

# यूएसए की संस्था यमन आर्ट्स फाउंडेशन ने किया एडवोकेट शीतल जैन को अलंकृत

## संघर्ष से सफलता की कहानी ने एडवोकेट शीतल जैन को बनाया यंग वूमन आइकॉन ऑफ द ईयर




**इंदौर. शाबाश इंडिया।** हर वर्ग महिलाओं को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभा रहा है फिर वो सरकार हो या आमजन ऐसे में विश्व स्तर पर संगीत से प्रेम वर्षा करने वाली अंतराष्ट्रीय संस्था 'यमन आर्ट्स फाउंडेशन (न्यू जर्सी, यूएसए)' जो की भारत सहित यूएई, यूके को भी संगीत की महक से महका रहा है के द्वारा जीवन में संघर्ष कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं को प्रोहत्साहित करने के लिए अवार्ड आयोजित करती है। उसी श्रेणी में इंदौर में रहने वाली एक ऐसी शख्सियत को ''यंग वूमन आइकॉन ऑफ द ईयर 2022'' से 21 मार्च 2023 को महिला दिवस माह के रूप में मानते हुए ''यमन आर्ट्स फाउंडेशन यूएसए'' द्वारा दिया गया। गौरतलब है की उक्त सम्मान ऐसे शख्सियत को दिया गया है जो गरीबी को चुनौती बना कर संघर्ष कर अपनी अलग मुकाम बनाने वाली महिला की है जो बचपन में जब 8 - 10 वर्ष के बच्चे खेल कूद में अपना जीवन यापन करते है उस समय यह अपनी माँ के साथ कई - कई किलो मीटर तक ठेला धक्का कर सडकों पर दुकान लगा कर अपने जीवन में लगे अर्थ ग्रहण को तो दूर कर रही थी, वहीं उस लड़की ने पढ़ लिख कर इंदौर शहर की एक नामी वकील के रूप में अपनी पहचान बनायीं वो है। अधिवक्ता शीतल जैन इंदौर उच्च न्यायलय एवं जिला न्यायलय में गत 12 वर्षो से प्रेक्टिस कर रही। यमन आर्ट्स फाउंडेशन द्वारा ''यंग वूमन आइकॉन ऑफ द ईयर 2022'' के लिए अधिवक्ता शीतल जैन को उनके बालकाल से संघर्षमय जीवन को चुनौती दे इस मुकाम तक पहुँचने के लिए दिया गया है जिससे देश और समाज के अन्य वर्ग अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अधिवक्ता शीतल जैन को अपना मोटिवेशनल के रूप में देख आगे बढ़े और जीत को गले लगाए।

## वेद ज्ञान

### अब जानें प्रभुसत्ता को...

अनादि काल से यह चराचर सृष्टि उस असीम प्रभुसत्ता की न्यायप्रिय बागडोर से ही अधिशासित है। यह व्यवस्था इतनी सुव्यवस्थित है कि कभी इसने किसी जीव के साथ किंचित भी अन्याय नहीं किया है। इस दुर्लभ जीवन का कोई भी सुअवसर प्रभुकृपा के बगैर संभव नहीं है। इस संसार में संपूर्ण जीवजाति अपने विगत कर्मों की शुचिता व अशुचिता के क्रम में जन्म ग्रहण करती है, लेकिन सभी को वही कुछ नहीं नसीब हो पाता है जिसकी आवश्यकता उसे महसूस होती है अथवा जिसे वह प्राप्त कर लेना चाहता हो। अपने पुण्यकर्मों के प्रभाव से प्राप्त पद की गरिमा, शक्ति व चकाचौंध में अज्ञानता से वशीभूत होकर वह समय व अपने अधीनस्थों को अपने निदेशों से निर्देशित करना चाहता है। वह भूल जाता है कि यहां जो कुछ भी मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही सुलभ हुआ है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता की पराकाष्ठा तक पहुंचने के दो ही सूत्र हैं। एक कार्य के प्रति संघर्ष युक्त निष्ठा और दूसरा जो प्रमुख कारक है वह है प्रभुकृपा। जीवन के महासंग्राम में सभी सैनिक अपने-अपने उद्देश्यों और आदर्शों की लड़ाई लड़ते हैं, लेकिन योग्यता, क्षमता व प्रचुर शक्ति के होते हुए भी विजयश्री उसी को मिलती है जिस पर महज प्रभुकृपा होती है। जीवन में हर व्यक्ति संघर्ष व मेहनत करता है। चुनाव में असंख्य लोग अपना अथक श्रम, पैसा व शक्ति लगाकर भाग्य आजमाते हैं, लेकिन विजयश्री की कुर्सी व पद उसे ही प्राप्त होता है जिसे प्रभुकृपा का प्रसाद कवच रूप में प्राप्त होता है। प्रभुसत्ता के समक्ष संसार की सारी सत्ताएं धरी की धरी रह जाती हैं। उसके बगैर वे वैभव व श्रीहीन हो जाती हैं। यदि मनुष्य के हाथ में कुछ होता तो वह मनचाहा जीवन जीने की प्रभुता रखता, लेकिन एक क्षण भी वह प्रभुकृपा की स्नेह-छांव के बगैर जीवन यात्रा का पग आगे नहीं बढ़ा सकता। संसार में जो भी जिसे मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही। वह उतनी ही देर उस पद अथवा सत्ता पर आसीन रह सकता है जितनी देर प्रभुकृपा से उसे अवसर प्राप्त हुआ है।

## संपादकीय

# राहुल पर कार्यवाही और राजनीति

आखिरकार वही हुआ, जिसकी आशंका कांग्रेस को सता रही थी। इधर मानहानि मामले में सूरत की स्थानीय अदालत ने राहुल गांधी को दो साल कैद की सजा सुनाई, उधर लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार अगर किसी सदस्य को आपराधिक मामले में दो साल या उससे अधिक की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है। इस नियम के अनुसार लोकसभा सचिवालय के कदम को सही कहा जा सकता है। मगर यह सब जिस तरह आनन-फानन में हुआ, उससे नए सवाल उठने शुरू हो गए हैं। अभी इस बात को लेकर चर्चा चल रही थी कि सूरत की स्थानीय अदालत का फैसला कहां तक उचित है, कि लोकसभा सचिवालय का यह नया फैसला आ गया। हालांकि सूरत की अदालत ने फैसला सुनाने के साथ



राहुल गांधी को एक महीने की मुहलत भी दी थी कि इस बीच उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा और वे इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकते हैं। मगर लोकसभा सचिवालय ने एक दिन की मुहलत देना भी मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को सरकार पर नए सिरे से आरोप लगाने का एक और मौका मिल गया है। सूरत की अदालत के फैसले से एक बार फिर यह बात रेखांकित हुई है कि सार्वजनिक जीवन में राजनेताओं को अपनी भाषा में संयम रखना ही चाहिए। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय भी राहुल गांधी को मर्यादित भाषा के इस्तेमाल की चेतावनी दे चुका है। उत्तर प्रदेश में आजम खां भी इसी तरह अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने की वजह से अपनी सदस्यता गंवा चुके हैं। मगर देखना है कि इन फैसलों से राजनेता कितना सबक लेते हैं। राहुल गांधी के मामले में आए फैसले के राजनीतिक और न्यायिक निहितार्थ हो सकते हैं, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर राजनेताओं को अपनी व्यक्तिगत राजनीतिक खुन्नस निकालने के लिए अशोभन वक्तव्य देने की छूट क्यों मिलनी चाहिए। राहुल गांधी अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्होंने सार्वजनिक मंच से किसी को निशाना बनाकर अपमानजनक वक्तव्य दिया। ऐसे राजनेता हर दल में हैं। सत्तापक्ष भी इससे अछूता नहीं है। उसके कई नेताओं के बयानों को लेकर आपत्ति जताई जाती रही है, अलबत्ता उनके खिलाफ इस तरह किसी ने मानहानि का मामला दर्ज नहीं कराया। दरअसल, राजनीति में यह मान कर चला जाता रहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान या रैलियों में सार्वजनिक मंचों से दिए जाने वाले बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। मगर राहुल गांधी के मामले से अब यह आशंका भी पैदा हो गई है कि कहीं सारे राजनीतिक दल इसे परिपाटी न बना लें। इस तरह उम्मीद की जाती है कि सभी राजनेता इस गंभीरता को समझ सकेंगे कि उन्हें सार्वजनिक मंचों और बयानों के वक्त भाषा की मर्यादा रखनी चाहिए। इसमें बेशक सत्तापक्ष यह कह रहा हो कि राहुल गांधी को सजा अदालत ने सुनाई है और उनकी सदस्यता नियम के मुताबिक समाप्त की गई है, मगर उस पर बदले की भावना से काम करने के आरोप लगने शायद ही बंद हों। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# 'शर्मसार'

दिल्ली के एक स्कूल में जिस तरह एक बच्ची से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है, उससे फिर यही पता चलता है कि यहां के आपराधिक परिदृश्य पर काबू पाने के लिए किए जाने वाले तमाम दावों के बावजूद महिलाओं का हर वर्ग बेहद असुरक्षा और जोखिम के दौर से गुजर रहा है। दिल्ली नगर निगम के स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची महज दस साल की है और मुख्य अपराधी उसी स्कूल का चपरासी है। यह अजीब है कि कई स्तर पर जिस व्यक्ति की वजह से स्कूल के बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस करते, उसी ने एक बच्ची को अपनी दरिंदगी का शिकार बना लिया। उस व्यक्ति के भीतर दबी आपराधिक कुंठा का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने न केवल खुद यह अपराध किया, बल्कि अपने कुछ साथियों को भी इसमें भागीदार बनाया। घटना का पता भी तब चल सका, जब बच्ची ने स्कूल आना बंद कर दिया, परीक्षा में भी अनुपस्थित रही और एक शिक्षिका ने उसके परिवार से संपर्क किया। विडंबना है कि जिन स्कूलों को बच्चों के लिए सुरक्षित परिसर माना जाता है, वहां भी इस बात की गारंटी नहीं है कि बच्चे अपने खिलाफ किसी आशंका से पूरी तरह मुक्त होंगे। लेकिन यह स्कूल के दायरे में प्रशासन और दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर एक गहरा सवाल जरूर है कि आखिर वहां के एक कर्मचारी के भीतर कानून का खौफ क्यों नहीं था। सही है कि एक घटना को आधार बना कर सभी स्कूलों को एक ही कठघरे में नहीं खड़ा किया जाना चाहिए। साथ ही किसी व्यक्ति के भीतर छिपी कुंठा का पता लगाना इतना आसान नहीं होता। लेकिन स्कूल जैसी जगह में सुरक्षा व्यवस्था, वहां पढ़ने वाले बच्चों के सुरक्षित आने और वहां से घर जाने को लेकर एक तंत्र और नियम-कायदे जरूर होने चाहिए, जिसमें किसी आपराधिक मानसिकता वाले व्यक्ति को कुछ भी अवांछित करने की हिम्मत न हो और ऐसा करने की गुंजाइश न बने। स्कूलों में प्रबंधन और उससे जुड़े लोग कुछ हद तक अपनी ओर से सजगता बरतते हैं, लेकिन व्यवस्था के स्तर पर यह सुनिश्चित न होने के चलते मौके की ताक में बैठे अपराधी कई बार अपनी मंशा में कामयाब हो जाते हैं। विडंबना यह है कि राजधानी होने के नाते दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था के अन्य जगहों के मुकाबले बेहतर और चौकस होने की उम्मीद की जाती है, मगर अन्य वारदात से लेकर खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के पिछले साल आए आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 2021 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में इकतालीस फीसद तक की बढ़ोतरी हुई, वहीं बच्चों के खिलाफ अपराधों में बत्तीस फीसद का इजाफा हो गया। ये आंकड़े बताते हैं कि देश की राजधानी में महिलाएं और खासतौर पर कम उम्र की बच्चियां किस स्तर की असुरक्षा से गुजर रही हैं। एक तरह से उनका घर से कहीं भी बाहर निकलने और सुरक्षित लौट आने का रास्ता जोखिम से होकर गुजरता है, वह बाजार हो या स्कूल। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सरकारों, पुलिस महकमों से लेकर समाज तक की ओर से अक्सर चिंता जताई जाती है, आंदोलन भी होते रहते हैं, तमाम कानून भी हैं। लेकिन अगर सामाजिक जागरूकता, संवेदनशीलता से लेकर सुरक्षा के मोर्चे पर महिलाएं और बच्चियां हर वक्त खतरे से दो-चार हैं, तो संपूर्णता में उस व्यवस्था को कैसे देखा जाएगा!

# ऑनलाइन किंडर केयर गुरमत क्विज आज 27 मार्च को



## पोस्टर का विमोचन हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कौन बनेगा गुरसिख बच्चा संस्था ( केबीजीबी ) द्वारा आयोजित ''ऑनलाइन किंडर केयर गुरमत क्विज-2023'' का पोस्टर सरदार जसबीर सिंह चावला, अध्यक्ष राज खालसा एड के मुख्य आतिथ्य में जारी हुआ। जिसमें केबीजीबी संस्था के अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह, क्विज कन्वीनर सुरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष दीप सिंह, खालसा एड के भाई रतन सिंह, हरविंदर सिंह पप्पु, जसबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, गुरिंदर सिंह, और क्विज डायरेक्टर डॉक्टर मंजीत कौर शामिल हुई। संस्था के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने बताया कि इससे पहले यह गुरमत क्विज पिछले 18 सालों से गुरु गोबिंद सिंह पार्क गुरुनानक पूरा में ''खालसा सर्जना पर्व- वैसाखी'' पर ऑफलाइन लिखित परीक्षा के रूप में होती थी जिसमे सीमित बच्चे ही भाग ले पाते थे। अब इस प्रतियोगिता को सोशल मीडिया के सभी चैनल्स - व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर सोमवार 27 मार्च प्रातः 10 बजे जारी कर देश- विदेश के सभी बच्चों के लिए खोल दिया है। धर्म, जाति और लिंग को कोई बंधन नहीं। सिख धर्म, इतिहास, गुरबाणी और गुरु साहिबानों की जीवनी से संबंधित मल्टीचॉइस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में 6 साल से 25 साल तक के बच्चों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है ।प्रश्न भी उनकी उम्र के अनुरूप तैयार किए गए हैं। प्रतियोगिता के संयोजक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सही उत्तर देने वालों में से रैंडम बेसिस पर हर ग्रुप में से चार लक्की विजेता चुने जाएंगे उन्हे रकिंडर केयर गुरसिख बच्चा ऑफ इंडियार के खिताब से नवाजा जाएगा और गिफ्ट हैंपर उनके पते पर कोरियर से भेज दिए जायेंगे। क्विज को सबमिट करने की अंतिम तारीख 8 अप्रैल रखी गई है। विजेताओं की सूची वैसाखी 14अप्रैल को जारी की जाएगी। जयपुर के विजेताओं को वैसाखी वाले दिन जयपुर में ही सम्मानित किया जाएगा।

# नेटथिएट पर ढूंढाडी लोक गीतों ने समां बांधा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज युवा लोक गायक मनीष अग्रवाल ने अपनी पुर कशिश आवाज में ढूंढाडी लोकगीतों को गाकर ऐसा समा बांधा कि दर्शक वाह वाह कर उठे। नेटथिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि गायक मनीष ने कार्यक्रम की शुरूआत में ''दळ बादळी रे पानी सैया कुण तो भरे'' गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। इसके बाद ''उडियो रे उडियो डोडो डोडो जाये, सावण'' आदि सुप्रसिद्ध लोकगीतों से राजस्थानी संस्कृति को रूबरू करवाया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर डी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में शाहिद हुसैन ने तबले पर अपनी उंगलियो का जादू बिखेरा साथ आर्यन शर्मा ने सिंथेसाइजर पर सधी हुयी संगत की। कार्यक्रम मैं कैमरा एवं लाइट मनोज स्वामी तथा संगीत तपेश शर्मा मंच सज्जा अंकित शर्मा नानू का रहा।

# जनकपुरी में जैनधर्म के द्वितीय तीर्थंकर अजीत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में रविवार को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर श्री 1008 अजीत नाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया । प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम बिलाला ने बताया की भगवान अजितनाथ देव का जन्म माघ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को अयोध्या में हुआ था। उनके पिता का नाम राजा जीतशत्रु और माता का नाम विजया देवी था। तीर्थंकर नाथ का प्रतीक चिह्न गज था व इनका निर्वाण सम्मेदशिखर से हुआ था। प्रातः अभिषेक शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड वाचन कर भगवान के निर्वाण कल्याणक को लाडू समर्पित कर सामूहिक रूप से धर्म प्रभावना के साथ अर्घ बोलते हुए जयकारों के साथ मोक्ष कल्याणक मनाया गया जिसमे समाज के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही। सोमवार को जैन धर्म तीसरे तीर्थंकर संभव नाथ का निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा।

# जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की स्वास्थ्य चेतना के लिए पहल



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की साधारण सभा एवं स्नेह मिलन रविवार 26 मार्च को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक के सभी सदस्यों ने स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन प्राणायाम करने एवं कम से कम 5 किलोमीटर मॉर्निंग वॉक करने का संकल्प लिया। स्वास्तिक के संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव के साथ नियमित आहार में पोषण का घटता स्तर के कारण वायरल बीमारियां, घुटने खराब होने, हार्ट अटैक, किड्नी फेल होने आदि अनेक बीमारियों के मद्देनजर ग्रुप के सभी सदस्यों को फिट रहने हेतु वर्ष पर्यंत समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य वार्ताओं, जांच शिविरों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई। छाजेड़ ने सभी सदस्यों को अपने आस पड़ोस में रहने वाले कम से कम 5 नागरिकों को भी प्राणायाम और मॉर्निंग वॉक करने के साथ खुद के लिए कुछ समय निकालने की प्रेरणा देने का आह्वान किया। स्वास्तिक ग्रुप के मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण विषय पर अधिकांश सदस्यों ने स्वयं के साथ पूरे परिवार को स्वस्थ रखने हेतु प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक करने का संकल्प लिया। जिन सदस्यों ने नियमित मॉर्निंग वॉक करने का संकल्प लिया, उन्हें आज ही विमोचित की गई स्वास्तिक की टी-शर्ट प्रदान की गई।

## अतिशा जैन का न्यायिक सेवा में हुआ चयन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सुश्री अतिशा जैन सुपुत्री विमल कुमार जैन, दुर्गापुरा (अर्जुन नगर), जयपुर निवासी का दिल्ली न्यायिक सेवा-2023 में उनचास्वे **(49 रैंक)** स्थान पर चयन हुआ है। कुल वैकेंसी 123 है। अतिशा जैन ने अहमदाबाद गुजरात नेशनल लॉ कॉलेज से पंचवर्षीय डिग्री प्राप्त करने के बाद दिल्ली न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त की। इससे पहले अतिशा जैन ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा में भी लिखित परीक्षा पास की थी और इंटरव्यू में उपस्थित हुई थी। मूलतः टोंक निवासी अतिशा जैन, तीन बहनों में सबसे छोटी और उनके पिता विमल कुमार जैन, वर्तमान में **ICICI Bank** से मुख्य प्रबंधक के पद से सेवानिवृत होकर जयपुर में दुर्गापुरा, अर्जुन नगर में निवास करते है ।

# वैशाली नगर ए ब्लॉक में सीमेंट सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** झोटवाड़ा विधायक कृषि मंत्री लालचंद कटारिया की अनुशंसा पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नेशनल हैंडलूम के पीछे, वैशाली नगर ए ब्लॉक के गेट नंबर. 3 वाले मार्ग पर सीमेंट सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस जन एवं स्थानीय निवासियों द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस वैशाली नगर अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, पीसीसी सदस्य अशोक शर्मा, वैशाली नगर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोहित जैन, ए ब्लॉक विकास समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा एवं विकास समिति के पदाधिकारी और सदस्यों सहित कांग्रेस नेताओं में सुरेंद्र गुप्ता, सिराज अहमद खान, भरत लाखीवाल, रणजीत सोनी, उत्तम यादव, सुधीर सिंह, हर्ष कोठारी, ऋषभ जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। विकास समिति के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा ने क्षेत्रीय विधायक लालचंद कटारिया द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता दीपक माथुर सहायक अभियंता रश्मि चौधरी की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, पीसीसी सदस्य अशोक शर्मा और वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष मोहित जैन ने भी उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि मंत्री और विधायक लालचंद कटारिया विकास को लेकर सदैव गंभीर रहते हैं और उनकी हमेशा यही कोशिश रहती है कि जनहित का कोई भी कार्य हो, उसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए।


भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP
सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
दी बार ऐसोसिएशन, सांगनेर द्वारा
रक्तदान शिविर
सोमवार 27 मार्च 2023
प्रातः 10 से 3 बजे तक
स्थान : जिला सत्र न्यायालय, सांगानेर
बम्बाला पुलिया, प्रताप नगर, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन
अध्यक्ष
एडवोकेट नेमीचन्द सामरिया
महासचिव
संयोजक :
एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार जैन
एडवोकेट संजय कुमार जैन
एडवोकेट अमित जैन



# घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम में भगवान महावीर के लगाए जयकारे

## भगवान आदिनाथ से लेकर 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक की क्रियाएं दिखाई गई




### राजा सिद्धार्थ बने महावीर अजमेरा एवं माता मधु अजमेरा ने शानदार अभिनय किया

विमल जौंला, शाबाश इंडिया

**अजमेर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी के जन्म कल्याणक से लेकर चोबिसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक तक चल रहे घर घर मंगलाचार कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर की आनंद नगर ईकाई द्वारा अध्यक्ष अंजू जैन अजमेरा के निवास स्थान पर कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम के प्रचार संयोजक अर्चित अजमेरा एवं राहुल अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समिति पदाधिकारियों द्वारा राजा सिद्धार्थ की भूमिका निभा रहे महावीर प्रसाद अजमेरा एवं भगवान की माता की भूमिका निभा रही मधु जैन का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयुषि अजमेरा एवं प्रेयशी जैन ने मंगलाचरण मे भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जैन भजन गायक अंकित जैन पाटनी एवं लोकेश दिलवारी द्वारा भगवान महावीर स्वामी जी के भजन चांदनपुर के महावीर मेरी विनती सुन लेना, आया तेरे दरबार में त्रिशला के दुलारे, महावीर जी के दर्शन कर लो, बाजे कुण्डलपुर मे बधाई कि नगरी में वीर जन्मे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किए। कार्यक्रम के अन्तर्गत राजा सिद्धार्थ के महल की तरह मनीष जैन अजमेरा एवं अंजू जैन अजमेरा ने अपने निवास स्थान को सजाया गया एवं आगन्तुक अतिथियों का निर्मला देवी , मनोज उषा अजमेरा, अंजू मनीष जैन, सक्षम जैन, अर्चित जैन,पाक्षिक अजमेरा परिवार द्वारा केसरिया तिलक लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया। महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि सरावगी मोहल्ला ईकाई की सदस्याएं, श्री दिगम्बर जैन सोनी जी मंदिर, एवं सर्वोदय कालोनी ईकाई की सदस्या आशा दोशी एवं कविता पहाड़िया के निवास स्थान पर घर घर मंगलाचार कार्यक्रम के तहत णमोकार महामंत्र, भक्तामर पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति संरक्षक सूर्यकांता जैन,युवा संभाग संस्थापक अर्चना गंगवाल, अध्यक्ष सोनिका भेंसा, मंत्री सरला लुहाड़िया, भावना बाकलीवाल, मंजू ठोलिया, अनिता बड़जात्या, नवल छाबड़ा, प्रिती गदिया, अनिता पाटनी, सहित सेकडों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे। अंत में महासमिति अध्यक्ष अतुल पाटनी ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## तीये की बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा

**जैनदर्शन के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्धन्य विद्वान पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के महामंत्री, वीतराग-विज्ञान पत्रिका के सम्पादक, श्री टोडरमल दिगम्बर जैन सिद्धान्त महाविद्यालय के अधिष्ठता, हजारों साधर्मियों को धर्मामृत पान कराने वाले तत्त्ववेत्ता**



### डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल

जयपुर का 26 मार्च को शान्त परिणामों से देह परिवर्तन हो गया है। **तीये की बैठक मंगलवार, दिनांक 28 मार्च को सुबह 09:30 बजे श्री टोडरमल स्मारक भवन, ए-4, बापूनगर, जयपुर में रखी गई है।** तीये की बैठक के पश्चात दोपहर 01:30 बजे से श्रद्धांजलि सभा रखी गई है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com


(विशेषतः मेरे सीनियर सिटीजन मित्रों के लिए)

# बुढ़ापा पैरों से शुरू होता है...

मुझे आज उपरोक्त संदर्भ में एक समझने लायक लेख मिला। मैं तो रोज कम से कम 45 मिनट लगातार पैदल चलता हूं जो मेरे ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में मदद करता है व यही सीनियर सिटीजन्स हेतु सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। इस लेख में पैदल चलने के और भी फायदे बताए हैं। मैं पैरों के नर्व्स और वेंस के लिए स्ट्रेच एक्सरसाइज में अलाली कर लेता था, जो अब से नही करूँगा। क्योंकि पिंडली को कुछ लोग उसमें पाए जाने वाले नर्व्स और वेंस के कारण उसे छोटा दिल जो कहते हैं। शायद ये लेख आपको भी अच्छा लगे।

**बुढ़ापा पैरों से शुरू होकर ऊपर की ओर बढ़ता है! अपने पैरों को सक्रिय और मजबुत रखें !!**

जैसे-जैसे हम ढलते जाते हैं और रोजाना बूढ़े होते जाते हैं, हमें पैरों को हमेशा सक्रिय और मजबूत बनाए रखना चाहिए। हम लगातार बूढ़े हो रहे हैं, वृद्ध हो रहे हैं, मगर हमें बालों के भूरे होने, त्वचा के झड़ने (या) झुर्रियों से डरना नहीं चाहिए। दीर्घायों के संकेतों में, जैसा कि अमेरिकी पत्रिका प्रिवेंशन (रोकथाम) में मजबूत पैर की मांसपेशियों को शीर्ष पर सूचीबद्ध किया गया है, क्योंकि यह सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक है। यदि आप दो सप्ताह तक अपने पैर नहीं हिलाते हैं, तो आपके पैरों की ताकत 10 साल कम हो जाएगी। यानी आप दस साल बूढ़े हो जाएंगे। डेनमार्क में कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के एक



अध्ययन में पाया गया कि वृद्ध और युवा दोनों, निष्क्रियता के दो हफ्तों के दौरान, पैरों की मांसपेशियों की ताकत एक तिहाई कम हो सकती है जो 20 से 30 साल की उम्र के बराबर है। जैसे-जैसे हमारे पैर की मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं, ठीक होने में लंबा समय लगता है, भले ही हम बाद में पुनर्वास और व्यायाम करें। इसलिए, चलने जैसे नियमित व्यायाम बहुत जरूरी हैं। पूरे शरीर का भार पैरों पर रहता है और शरीर आराम करता है। पैर एक प्रकार के स्तंभ हैं, जो मानव शरीर के पूरे भार का वहन करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि किसी व्यक्ति की 50% हड्डियाँ और 50% मांसपेशियाँ दोनों पैरों में ही होती हैं। मानव शरीर के सबसे बड़े और मजबूत जोड़ और हड्डियां भी पैरों में होती हैं। मजबूत हड्डियां, मजबूत मांसपेशियां और लचीले जोड़ ''आयरन ट्राएंगल'' का निर्माण करते हैं जो सबसे महत्वपूर्ण भार यानी मानव शरीर को वहन करता है। मानव गतिविधियां और कैलोरी बर्निंग इन्हीं दो पैरों से होते हैं। क्या आप यह जानते हैं? जब इंसान जवान होता है तो उसकी जांघों में इतनी ताकत होती है कि वह 800 किलो की छोटी कार को उठा सके।

**पैर शरीर की हरकत का केंद्र हैं। दोनों पैरों में मिलकर मानव शरीर की ५०% नसें, ५०% रक्त वाहिकाएं और ५०% रक्त उनमें से बहता है।**

यह सबसे बड़ा संचार नेटवर्क है जो शरीर को जोड़ता है। केवल जब पैर स्वस्थ होते हैं तब रक्त की कन्वेंशन धारा सुचारू रूप से प्रवाहित होती है, इसलिए जिन लोगों के पैर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, उनका हृदय निश्चित रूप से मजबूत होता है। बुढ़ापा पैरों से ऊपर की ओर जाता है। जैसे-जैसे व्यक्ति बूढ़ा होता है, मस्तिष्क और पैरों के बीच निर्देशों के संचरण की सटीकता और गति कम होती जाती है, इसके विपरीत जब कोई व्यक्ति युवा होता है तो यह बहुत तेज और सटीक होती है। इसके अलावा, तथाकथित अस्थि उर्वरक (कैल्शियम) समय बीतने के साथ खो जाएगा, जिससे बुजुर्गों को हड्डियों के फ्रेक्चर का खतरा अधिक हो जाएगा। बुजुर्गों में अस्थि भंग आसानी से जटिलताओं की एक श्रृंखला को ट्रिगर कर सकता है, विशेष रूप से घातक रोग जैसे मस्तिष्क घनास्त्रता। क्या आप जानते हैं कि आम तौर पर 15 फीसदी बुजुर्ग मरीजों की जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर के एक साल के भीतर मौत हो जाती है ?

*** पैरों की एक्सरसाइज करने में कभी देर नहीं करनी चाहिए, 60 साल की उम्र के बाद भी यदि आप नियमित व्यायाम करें तो परिणाम चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि समय के साथ हमारे पैर धीरे-धीरे बूढ़े हो जाएंगे, लेकिन हमें पैरों का व्यायाम करना जीवन भर का काम बना लेना चाहिए। केवल पैरों को मजबूत करके ही आगे बढ़ती उम्र को रोका या कम किया जा सकता है।**

कृपया रोजाना कम से कम 30-40 मिनट टहलें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके पैरों को पर्याप्त व्यायाम मिले और यह सुनिश्चित हो सके कि आपके पैरों की मांसपेशियां स्वस्थ रहें। यदि आप सहमत हैं तो आपको इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने सभी दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति रोज बूढ़ा हो रहा है।

**मस्त रहें, स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें और नियमित 5 किमी पैदल अवश्य**

मुझे मालूम है मेरे कहने से कुछ नहीं होगा पर यदि मेरे कहने से 100 लोगों में से 10 लोगों ने भी चलना शुरू किया तो मैं समझूंगा मेरे इस मैसेज के सार्थक परिणाम आने लगे हैं बाकी आपकी मर्जी।




**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा, जयपुर।
9828011871

# तीर्थंकर अजित नाथ भगवान का मनाया गया मोक्ष कल्याणक



**फागी. शाबाश इंडिया**

फागी कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर,पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा के अजित नाथ जिनालय में, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान अजित नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का निर्वाण का सामूहिक रूप से लाडू चढ़ाकर भक्ति भाव के अर्घ्य चढ़ाया गया, कार्यक्रम में फागी जैन समाज के समाजसेवी प्रेमचंद भंवसा,सुरेश सांघी,सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, कैलाश कासलीवाल,केलास कडीला, ओमप्रकाश कासलीवाल, शांतिलाल सेठी, शांतिलाल धमाना,राजेश छाबड़ा, शिखर गंगवाल, एडवोकेट रवि जैन,राजाबाबु गोधा, महेंद्र गोधा, मनीष लदाना, ललित कासलीवाल,कालू कासलीवाल सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# प्रो. बनवारी लाल गौड को अम्बिका दत्त व्यास पुरस्कार



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान संस्कृत अकादमी की ओर से आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर पीठ के पूर्व कुलपति व विश्वगुरु दीप आश्रम शोध संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर बनवारी लाल गौड को अम्बिका दत्त पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रोफेसर बनवारी लाल गौड को यह सम्मान जोधपुर में आयोजित उनकी कृति आयुवेर्दीय कथाष्टकम के लिए 51 हजार रुपये व सम्मान पत्र से शिक्षा, कला व संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला,रमेश बोराना व गायत्री राठौड़ ने प्रदान किया।

# क्या आपकी नजरों में कोई ऐसा व्यक्ति है? जो...

- ★ शारीरिक विकलांगता या किसी दुर्घटना के चलते अपना हाथ गंवा बैठा है?
- ★ तो हमें सूचित कीजिए या रजिस्ट्रेशन कराइये
- ★ हम ऐसे दिव्यांगों को पूर्णतया निःशुल्क रूप से अमेरिका से आयातित हाथ लगाएंगे
- ★ छठ-4 हाथ सहज, सरल व मजबूत और काम का हाथ है।
- ★ आसानी से लगाया जाता है व लगाते ही तुरंत काम आता है।
- ★ कोहनी के नीचे कम से कम 4 इंच मूल हाथ का हिस्सा हो तो यह हाथ बिठा सकते हैं।
- ★ बच्चों तथा वयस्कों के काम आता हैं।
- ★ हाथ पूर्णतया मुफ़्त है तथा रखरखाव मुक्त है।

## हाथ प्रत्यारोपण शिविर

रविवार 7 मई 2023, सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक

**शिविर स्थलः** भगवान महावीर यूनिवर्सिटी ऑडीटोरियम VIP रोड, वेसु, सूरत (गुजरात)

**सम्पर्क सूत्र:**

सुरेश अग्रवाल-9824045651
राजेन्द्र खाब्या-+919879398353
अरिहंत जैन 90990 37937
फेनिल कोठारी 97689 99980




# चौमूं जैन समाज ने लगाया रक्तदान शिविर




**चौमूं. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के 2622वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा प्रथम बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चोमूं के युवा विधायक रामलाल शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विधायक शर्मा का स्वागत जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र कयाल एवं मंत्री राजेंद्र पाटनी ने तिलक माल्यार्पण एवं साफा पहना कर किया। कार्यक्रम संयोजक पंकज बड़जात्या ने बताया कि प्रथम बार आयोजित शिविर में 49 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। हीरालाल बड़जात्या ने बताया कि शिविर में चोमूं के युवा नेता छुट्टन यादव ने भी शिरकत की एवं लोगों का उत्साह बढ़ाया। समाज के कोषाध्यक्ष अनिल बड़जात्या ने बताया कि शिविर में संयुक्त व्यापार मंडल के मंत्री मनीष गोयल, अध्यक्ष पदमचंद बड़जात्या, अग्रवाल समाज के युवा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, टाक समाज से युवा समाजसेवी राजेश टाक भी उपस्थित थे । कार्यक्रम संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य नितेश पहाड़िया ने बताया कि महिला मंडल एवं महिलाओं का उत्साह तारीफे काबिल था इस अवसर पर राम ब्लड बैंक द्वारा सेवाएं दी गई ।

## दुर्गापुरा जैन मंदिर में अजितनाथ के मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** चैत्र शुक्ल पंचमी दिनांक 26.03.2023 रविवार के दिन अजितनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य समर्पित कर निर्वाण लाडू चढ़ाया।

## अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से



**शाबाश इंडिया।** बिना कुछ किये सिर्फ एक ही चीज अपनी गति से, आगे बढ़ रही है 'उम्र' ! बढ़ती उम्र एक खेल है जिसे हमारा शरीर और मन मिलकर खेलते हैं। शरीर कुछ मांगता है और मन कल्पनाओं के आकाश की उड़ान भरता है। आज के समय हरेक की समस्या है कि हम अपने आप को कम उम्र का दिखाना चाहते हैं- ? इन्सान स्वयं को अपनी उम्र से छोटा मानने और उससे भी छोटी उम्र का दिखाने की उधेड़बुन में लगा रहता है। वह भूल जाता है कि कम उम्र में वह मैच्योर दिखना चाहता था, जब काफी मैच्योर हो चुका होता है तो कम उम्र का दिखना और लगना चाहता है। हम बचपन से सुनते आये हैं कि महिलाओं की उम्र पूछने की गुस्ताखी नहीं की जाती। वैसे भी वे जन्म लेने के बाद से ही सुन्दर और जवां दिखने के साथ-साथ उम्र छिपाने के लिए कुछ भी करती आई है। चेहरे पर कसाब लाने के लिए, सदा जवान दिखने के लिए, अनेक जड़ी बूटियां तलाश करती रहती है। प्रौढ़ महिलाएं अपनी तुलना युवतियों से करती आई है। जिन महिलाओं को आप दीवाली की सफाई करते हुये घर पर देखते हैं और उसी महिला को शिमला, दार्जिलिंग, बैंकाक में आधे से आधे वस्त्रों में देखो तो सोच में पड़ जाओगे अम्मा जी दीदी कैसे बन गई। उम्र की वरिष्ठता की जंग से बचने के लिये हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। अब तो पुरूष भी अपनी उम्र बताना नहीं चाहते हैं। वे सौन्दर्य प्रसाधन के तालाब की मछली बन गये हैं। उम्र के साथ सहज होकर जीना शुरू कर दो। उम्र भी हो उसे वैसा स्वीकारने में कोई हर्ज नही है । जीवन का सफर उम्र के साथ तय करते हुए यह भी बहुत जरूरी है कि अभी हमें सर्वोत्तम, नरोत्तम, पुरूषोत्तम होना बाकी है। गुजरे वक्त ने समझाया कि स्वस्थ रहना सर्वोत्तम है, प्रसन्न रहना नरोत्तम है, और आदर्श जीवन जीना पुरूषोत्तम है। सबका जीवन और जीने के तरीके अलग अलग है, तो परिस्थितयां भी एक जैसी नहीं है। स्वस्थ मन और स्वस्थ-शरीर होते हुये भी उम्र का बढ़ना और दिखना प्रकृति का सच है। **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## महावीर इन्टरनेशनल कुचामन के नए पदाधिकारी मनोनीत

### गोयल अध्यक्ष, पहाड़िया सचिव, जैन कोषाध्यक्ष बने



**कुचामन. शाबाश इंडिया**

महावीर इन्टरनेशनल वीर केन्द्र के द्विवर्षीय चुनाव राजकीय चन्द्रसागर चिकित्सालय के डाक्टर राजकुमार बिलोनिया, चुनाव अधिकारी व संस्था के जोन कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द पहाड़िया ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाये। चुनाव में निम्न पदाधिकारीयों का निर्विरोध चुना गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए वीर रामावतार गोयल,, उपाध्यक्ष वीर किशोर सेवदा, वीर रतनलाल प्रधान वकील, सचिव वीर अजितकुमार पहाड़िया , उपसचिव कमलकुमार गौड कोषाध्यक्ष वीर सुरेश कुमार जैन, उपकोषाध्यक्ष वीर तेजकुमार बड़जात्या, संगठन मंत्री वीर रतनलाल मेघवाल, वीर सुनिल माथुर, प्रचार मंत्री वीर अशोक कुमार अजमेरा, कार्यालय मंत्री वीर सम्पत बगडीया, शिविर प्रभारी वीर नरेश कुमार झांझरी, वीर प्रदीप कुमार काला, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर वीर अशोककुमार गंगवाल, वीर नन्दकिशोर बिडसर, वीर कैलाशचन्द पान्ड्या, वीर सुरेशकुमार गौड, वीर जीवणसिंह, वीर प्रवीण कुमार शर्मा वकील, को सर्व सम्मति से मनोनीत होने पर वीर प्रदीप गंगवाल, वीर सुनिल पाटनी, वीर मुरली मनोहर स्नेही, संस्था सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने अध्यक्ष कैलाशचन्द पान्ड्या की पुरी टीम के कार्यकाल में हुए सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रंशसा की।

## शेखावाटी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

**सीकर।** शेखावाटी पब्लिक स्कूल कुदन में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण कर दीपक जलाकर वंदना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल सरपंच प्रतिनिधि सुलतान सुडा जेरठी सरपंच बोदुराम पंचायत समिति सदस्य मनोहर लाल नैण रामदेव जी भास्कर शामिल थे आये हुए अतिथियों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।जो बहुत ही सुन्दर व सहरानीय थी। विधार्थियों को जिन्होंने अंक प्राप्त किए उनको मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक व बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण जन स्कूल स्टाफ व बच्चे व सुलतान जी भास्कर बसंत जी भास्कर आदि उपस्थित रहे। स्कूल के संचालक ममता भास्कर ने बताया कि हमारे यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार भी दिये जाते हैं। जो आगे जाकर भविष्य में काम आते हैं






# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार ने लगाया ब्लड कैम्प

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा रीजन के तत्वावधान में नवकार ग्रुप, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन समिति, महिला मण्डल थड़ी मार्केट, मानसरोवर एवं कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट, मीना जैन मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया कैम्प में 65 यूनिट एकत्रित किया गया, ब्लड डोनर को यातायात एवरीनेंस कार्यक्रम के अंतर्गत ISI मार्का हेलमेट प्रदान किया गया। कैंप में स्वस्तिक डायग्नोस्टिक के द्वारा थायराइड बीपी और ब्लड शुगर की जांच निशुल्क रखी गई। ब्लड डोनेशन में 18 साल से लेकर 70 साल के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उसमें महिला पुरुष युवा कन्याओं ने रक्तदान में ज्यादा से ज्यादा सहयोग दिया रक्तदाता में बाबा उमेश अवस्थी ने भी



108 वां रक्तदान कर शिविर का सम्मान बढ़ाया।समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज के लघु भ्राता अभिषेक भारद्वाज, दीप प्रज्वलन कर्ता राजेंद्र-आशा शाह, विशिष्ट अतिथि पार्षद हरिओम स्वर्णकार,नवकार ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष नवीन सेन जैन, अध्यक्ष मोहन लाल गंगवाल,



कार्याध्यक्ष, सुरेश जैन बांदीकुई, सचिव गिरीश कुमार जैन, सौभाग मल जैन मंत्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एस.एफ.एस. शरद अध्यक्ष कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट, ज्ञानचंद जैन अध्यक्ष मीना जैन मेमोरियल ट्रस्ट, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष पवन नगीना ,मंत्री अनिल जैन, अध्यक्ष महिला मंडल भंवरी देवी, युवा मंडल के अध्यक्ष सिद्ध कुमार सेठी,जैन सोशल ग्रुप वीनश के उपाध्यक्ष हरीश बाकलीवाल, अलका - विशाल शाह, सुमन ब्लड बैंक से आए अनिल , प्रोफेसर आई पी जैन, मृदुला जैन, वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर के मंत्री जे के जैन,शाबाश इंडिया के सम्पादक व सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश गोदिका, उपाध्यक्ष राकेश संघी, सचिव अनिल संघी, कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेठी, अशोक पाटनी के साथ साथ अनेक गणमान्य शिविर में उपस्थित हुए। सलाहकार सौभाग मल जैन ने बताया कि आए हुए सभी रक्त दाताओं को ब्लड सर्टिफिकेट और रक्षा सूचक हेलमेट देकर रख दातों का हौसला बढ़ाया । मेडिकल जांच में 92 लोगों ने लाभ उठाया । अतिथियों का मीना कुमारी जैन मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञान चंद जैन, नवाकर ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने तिलक और माला साफा पहना कर सम्मान और अभिनंदन किया।

## प. पू. भारत गौरव गणिनी गुरूमां विज्ञाश्री माताजी के ससंध का कोटा में भव्य मंगल प्रवेश

### अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया गया, सच्चा सुख संतोष में है असंतोष में नहीं : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**कोटा. शाबाश इंडिया।** संसार का हर प्राणी सुख चाहता है जब कभी हम किसी सुखी व्यक्ति के विषय में विचार करते हैं तो हमारी दृष्टि आता है कि सुखी वह है जो स्वस्थ है जिसका शरीर निरोगी है थोड़ा आगे बढ़ते हैं तो मुझे यह लगता है कि जिसके पास धन संपत्ति है संपदा है प्रतिष्ठा है वर्चस्व है वह व्यक्ति बहुत अधिक सुखी है जिसकी अच्छी संपत्ति है अच्छे पुत्र पुत्री हैं भरा पूरा परिवार है वह सुखी है । कभी-कभी मैं सोचती हूं जिसके परिवार में आन्तरिक सामंजस्य है वह व्यक्ति सुखी है । जिसकी अनुकूल पत्नी है जिनका एक दूसरे के प्रति व्यवहार आत्मीयता पूर्ण है, यह व्यक्ति सुखी है ऊपर से देखने में यह सब सुखी दिखाई पड़ते हैं, लेकिन जब इनके जीवन में हम झांककर देखते हैं तो हमें ऐसा लगता है कि यह भी कहीं ना कहीं दुखी है किसी ना किसी कारण से संसार का हर प्राणी दुखी है तो आखिर सुखी कौन है?

## पार्श्व गायक व संगीतकार 'संजय रायजादा' सम्मानित हुए




नई दिल्ली. शाबाश इंडिया। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्था ''ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस'' द्वारा ''इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली'' में आयोजित सर्व कालीन महान कवियित्री महादेवी वर्मा सम्मान समारोह 2023'में संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिये जयपुर के पार्श्व गायक व संगीतकार संजय रायजादा को अनेक गणमान्य विभूतियों द्वारा सम्मानित किया गया जिनमें प्रसिद्ध फिल्म कलाकार व सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, संस्था के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ,स्वामी चक्र पाणी (राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू महासभा),पद्म सुभद्रा देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



# श्री महावीर दि. जैन मंदिर मुरलीपुरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के 2621 वे जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत दि. जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर एवं दि. जैन सोश्यल ग्रुप सन्मति के तत्वाधान में व श्री महावीर दि. जैन मंदिर सेवा समिति मुरलीपुरा एवं दि. जैन सोश्यल ग्रुप वीर जयपुर के संयुक्त आयोजन में दिनाँक 26 मार्च, रविवार को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक श्री महावीर दि. जैन मंदिर मुरलीपुरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वीर ग्रुप के अध्यक्ष एवं श्री महावीर दि. जैन मंदिर सेवा समिति मुरलीपुरा के महामंत्री नीरज जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर में 69 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भा. ज. पा. के विद्याधर नगर के विधायक - श्री नरपतसिंह राजवी, जयपुर जिला उपाध्यक्ष - चंद्र प्रकाश सैनी, मुरलीपुरा भा. ज. पा. मंडल अध्यक्ष - विजय कुमार शर्मा, दर्शन बाकलीवाल परामर्शक रक्तदान शिविर, राकेश गोदिका, अध्यक्ष - सन्मति ग्रुप, चक्रेश जैन - समाचार जगत, राकेश छाबड़ा - कोषाध्यक्ष राज. जैन सभा, भा. ज. पा. पार्षद वार्ड 21 विद्याधर नगर - प्रियंका अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष - ममता शर्मा, रेखा जैन, समाज सेवी - सीताराम अग्रवाल, प्रेम गोयल, अरुण अग्रवाल, धर्मचंद बड़जात्या, सुभाष जैन (अग्रवाल किराना), मनोज शर्मा, निशा - मंत्री, विद्याधर नगर मंडल, पंकज जैन, कशिश जैन, पंकज जैन, निशा जैन, आशीष जैन, महेंद्र जैन, संजय जैन, तारेश जैन, सुरेश चंद जैन, रमेश चंद जैन, भागचंद कासलीवाल उपस्थित रहे।



## श्री आदिनाथ जैन समिति सेक्टर 17 ने लगाया रक्तदान शिविर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ जैन समिति सेक्टर 17 के तत्वाधान में 26 मार्च रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के पुण्यार्जक परिवार सुरेंद्र कुमार-श्रीमती उषा, गौरव - शेफाली, कविश जैन बड़जात्या (जैना इडली डोसा) ने श्रीजी के सम्मुख दीपप्रज्वलन व केम्प का उद्घाटन करके रक्तदान शिविर की शुरूआत की । इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट भेंट किया ।शिविर में आदिनाथ जैन सेवा समिति, युवा मंडल, महिला मंडल व समाज के गणमान्य महानुभाव मौजूद रहे । शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।शिविर में जिनेन्द्र कुमार गंगवाल (जीतू), मनोज कुमार बाकलीवाल व अमन पत्रकार आदि ने उपस्थित होकर सभी के कार्यो व प्रयासों की तारीफ की। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्नालाल कामेवाल व भाजपा नेता पूर्व पार्षद शंकर शर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन श्री आदिनाथ जैन सेवा समिति सेक्टर 17 अध्यक्ष राजेश अजमेरा, मंत्री अनिल जैन कोटा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जैन, संयोजक सुनिल कुमार पाटोदी, धर्मेन्द्र कुमार सेठी,श्री आदिनाथ जैन युवा मंडल अध्यक्ष विकास सेठी, मंत्री मुकेश कोठारी, श्री आदिनाथ जैन महिला मंडल अध्यक्ष सीता जैन बीएसएनएल, मंत्री राखी जैन एन आर आई के अथक प्रयासों से सफल हुआ।

## श्री महावीर प्राण सेवा संस्थान ट्रस्ट एवं त्रिवेणी नगर दिगंबर जैन समाज ने लगाया रक्तदान शिविर

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के 2622 वां जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में श्री महावीर प्राण सेवा संस्थान ट्रस्ट एवं त्रिवेणी नगर दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर दिनांक 26 मार्च 2023 रविवार को प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर मेंराजस्थान जैन सभा के मुख्य परामर्शक राकेश कुमार छाबड़ा, महावीर प्राण सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद जैन व त्रिवेणी जैन समाज के मंत्री रजनीश अजमेरा ने बताया कि कुल 26 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं को रक्त दान के पश्चात यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्मेट व प्रमाण पत्र भेट किये गए। शिविर में विधायक अशोक लाहौटी, पुनीत कर्नावट, उप महापौर जयपुर ग्रेटर, व वार्ड पार्षद नवीन खटीक, सीमा गुप्ता ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की । उक्त कार्यक्रम मे समाज की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संतोष सौगानी, श्रीमती शिमला पापड़ी वाल, त्रिवेणी जैन समाज अध्यक्ष, महेन्द्र काला,व लोकेश जैन,अतूल सेठ, विशाल जैन, विजय जैन अतुल जैन, सुभाष काला,वन्दना जैन, प्रियंका जैन, हिमानी जैन, व समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने शिरकत की।

